आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त योजनाओं की घोषणा पर रोक लगाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग तथा भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को नोटिस जारी किया है।

मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि इस याचिका को इसी तरह के मुद्दों पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ सुनवाई के लिए रखा जाएगा। याचिका में कहा गया है कि सरकारें इन योजनाओं के लिए लगातार कर्ज ले रही हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों पर वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम 'योगी की पाती' जारी कर मौसम में हुए बदलावों के प्रभावों के प्रति लोगों को सतर्क किया है। एक रिपोर्ट–

एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये 'योगी की पाती' जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ता तापमान इसके दुष्प्रभावों से बचने तथा अपनी तैयारियां पूरी करने का संदेश दे रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कड़कड़ाती ठंड की तरह प्रचंड गर्मी की मार से बचाने की भी तैयारी कर ली है। इसके लिए शासन के हर स्तर पर समन्वित और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि लोग अपने घर के बाहर पशु–पक्षियों के लिए पानी रखें। बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। सूती या खादी के ढीले वस्त्र पहनें। साथ ही ऐसी कोई भी लापरवाही न करें, जिससे आग लगने का अंदेशा हो। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रदेश सरकार ने आज गेहूं खरीद के मामले में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेंहू सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेच सकेंगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिये हैं। इस फैसले के बाद किसान पहले की तरह आसानी से अपनी उपज बेच सकेंगे।

****

गोरखपुर के राप्ती नदी के एकला बंधा पर करीब इकतालीस करोड़ पचास लाख की लागत से बने ईको पार्क और फोरलेन सड़क का लोकार्पण आगामी तेईस अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि यह ईको पार्क एकला बंधे पर कूड़े का निस्तारण कर बनाया गया है। वहीं फोरलेन सड़क ईको पार्क के ठीक सामने बनाई गई है।

****

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम विपक्ष को भुगतने होंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस को लोकसभा में मंजूरी नहीं मिलने के बाद कांग्रेस और इसके सहयोगियों की कड़ी आलोचना की।

महिलाओं के सामने हम लोग ये बता रहे है अभी कि आगे मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए हमारा सरकार एनडीए काम करते रहेंगे, लेकिन जिन्होंने महिला आरक्षण बिल को गिराया उनको भी सजा मिलना चाहिए, तो ये काला दाग कांग्रेस के ऊपर लगा है, जीवन भर साफ होने वाला नहीं है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में कहा कि विपक्ष की मानसिकता सदैव महिला विरोधी रही है। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कल प्रदेश भर में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जायेगा।

****

केन्द्र सरकार ने एलपीजी प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि घरेलू एलपीजी के उत्पादन में बढ़ोत्तरी की गयी है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुंकिंग अवधि भी बढ़ायी गयी है।

डोमेस्टिक एलपीजी की सप्लाई सामान्य रूप से चल रही है। कोई भी ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है। कमर्शियल सप्लाई 70 परसेंट तक रीस्टोर की जा चुकी है। ऑटो एलपीजी एक हफ्ते में लगभग साढे तीन सौ टन पर डे का सेल है। इसके अलावा पांच किलो के सिलेण्डर्स की सेल भी इन्क्रीज की जा चुकी है।

****

प्रतापगढ़ जिले के कंधई थाना क्षेत्र के शाल्हीपुर कंजास गांव में आज दोपहर में तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। यह हादसा उस समय हुआ जब अपनी बड़ी बहन के साथ दो भाई नहाने के लिये तालाब में गये थे। तीनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है।

****

पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने केंद्र सरकार द्वारा विद्यार्थियों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने के दावे से जुड़े लिंक को प्रसारित करने वाले संदेश को फर्जी बताया है।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाइस अप्रैल तक दिन के समय कहीं कहीं लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले सात दिनों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस अवधि में मौसम के शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया गया है।

****